ADVERTISEMENT

Agrani Homes: पटना सिटी में नीलाम होगी अग्रणी होम्स की 85 डिसमिल जमीन, 5.17 करोड़ से शुरू होगी बोली

पटना सिटी में मौजूद अग्रणी होम्स की 85 डिसमिल जमीन नीलाम होगी। बिहार सरकार के ई प्रोक्योरमेंट प्लेटफॉर्म पर ई-नीलामी होगी। इसमें भाग लेने के लिए इच्छुक लोगों को ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निबंधन कराना होगा। नीलाम पत्र पदाधिकारी सह विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने नोटिस जारी किया है। ई-नीलामी की प्रक्रिया 16 दिसंबर को 11 से दो बजे तक होगी।

BY **VYAS CHANDRA**
EDITED BY: **RAJAT MOURYA**
UPDATED: TUE, 29 OCT 2024 03:48 PM (IST)

अग्रणी होम्स की 85 डिसमिल जमीन होगी नीलाम (सांकेतिक तस्वीर)

जागरण संवाददाता, पटना। फ्लैट एवं प्लॉट का आवंटन नहीं करने, पैसे नहीं लौटाने को लेकर अग्रणी होम्स की करीब 85 डिसमिल जमीन नीलाम की जाएगी। पूर्ण पारदर्शिता, अधिक से अधिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बिहार सरकार की ई प्रोक्योरमेंट प्लेटफॉर्म **(https //eproc2.bihar.gov.in)** पर ई-नीलामी की जाएगी।

इसमें भाग लेने के लिए इच्छुक लोगों को ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर सबसे पहले निबंधन कराना होगा। नीलाम पत्र पदाधिकारी सह विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने नोटिस जारी किया है।

अग्रणी होम्स के डायरेक्टर हैं आलोक कुमार

बताया गया है कि मेसर्स अग्रणी होम्स प्राइवेट लिमिटेड जिसके निदेशक आलोक कुमार हैं, की 85.6098 डिसमिल जमीन पटना सिटी थाना क्षेत्र के धवलपुरा मौजा में है। इसकी जमाबंदी अग्रणी होम्स रीयल मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम से है।